**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 25.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है—मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय निकायों में नवनिर्मित एक सौ पंद्रह अटल परिसरों का किया वर्चुअल लोकार्पण।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव समाज के सभी वर्गों की भागीदारी के कारण जनआंदोलन बना—रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन।**
- **ओडिशा में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रूपये से अधिक का इनामी शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके सहित छह माओवादी मारे गए।**
- **क्रिसमस का त्योहार आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।**

**अटल बिहारी वाजपेयी—जयंती**

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में सदैव अटल पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, छत्तीसगढ़ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर परिचर्चा, संगोष्ठी, छात्राचित्र प्रदर्शनी के अलावा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वर्गीय वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री साय ने कहा कि अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा।

**अटल परिसर—लोकार्पण**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय निकायों में नवनिर्मित एक सौ पंद्रह अटल परिसरों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें दस नगर पालिक निगम, उनतीस नगर पालिका परिषद और छिहत्तर नगर पंचायत सहित एक सौ पन्द्रह नगरीय निकाय शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के जनशताब्दी वर्ष में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्मित किए जा रहे हैं, ताकि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी की स्मृतियां चिरस्थायी बनी रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र के तहत करीब एक सौ सतासी करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित रायपुर के विधायक और महापौर उपस्थित थीं। उधर, कबीरधाम जिले के बोड़ला में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कियझं

**सांसद खेल महोत्सव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देशभर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं। आज सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर वर्चुअल माध्यम से श्री मोदी ने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव दोनों ही काफी बढ़ गए हैं।

**आज सांसद खेल महोत्सव एक जनआंदोलन बन चुका है। देशभर में दो सौ नब्बे से अधिक सांसदों के इस कार्यक्रम का योजना करना, लाखों नौजवानों को जोड़ना और एक करोड़ से ज्यादा युवा खिलाड़ियों द्वारा इसमें रजिस्ट्री करवाना देश के हर कोने की हिस्सेदारी है और शहरों से लेकर गांव तक हर पृष्ठभूमि की युवाओं की सहभागिता यह दिखाता है, इसका स्केल कितना बड़ा है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में हार–जीत से परे खेल भावना के विकास में योगदान देते है। इधर, राजधानी रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव – ''फिट युवा, विकसित भारत'' आज संपन्न हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवा पीढ़ी में खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सशक्त मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि उनतीस अगस्त से शुरू हुए इस महोत्सव में पांच सौ बयालीस गांवों के पचासी हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो पूरे देश में रिकॉर्ड है। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

**मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिलों और विभागों से दस नवाचारों का चयन मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए किया है। यह पुरस्कार राज्य के विभिन्न जिलों और विभागों द्वारा लागू किए गए उन नवाचारों को सम्मानित करने के लिए दिए जाएंगे, जिन्होंने शासन–प्रशासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस पुरस्कार के लिए विभिन्न जिलों और विभागों से तीन सौ बारह नवाचार प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें दो सौ पचहत्तर जिलों से और सत्ताईस राज्य स्तरीय विभागों से थे। जिला श्रेणी में दंतेवाड़ा, जशपुर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद और नारायणपुर का चयन किया गया। वहीं, विभागीय श्रेणी में शिक्षा, वाणिज्य उद्योग, वाणिज्यकर आबकारी, वन और जलवायु परिवर्तन तथा पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**माओवादी मुठभेड़**

ओडिशा के कंधमाल जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रूपये से अधिक का इनामी शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके सहित छह माओवादी मारे गए हैं। इनमें दो महिला माओवादी भी शामिल हैं। घटनास्थल से सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा की स्पेशल फोर्स–एसओजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान कंधमाल जिले से लगे राम्पा के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में छह माओवादी मारे गए। इनमें से दो माओवादियों की पहचान एसीएम बारी उर्फ राकेश रायगड़ा सुकमा और दूसरा माओवादी प्लाटून सदस्य अमृत बीजापुर छत्तीसगढ़ के रूप में की गई है। घटनास्थल से रिवॉल्वर, रायफल और वॉकी–टॉकी सहित अन्य माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं।

**सीबीआई–कार्रवाई**

सीबीआई की टीम ने बीजापुर जिला मुख्यालय में स्थित एक होटल में बीती रात दबिश देकर डाक विभाग से जुड़े चार कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चालीस हजार रूपये नगद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पोस्ट ऑफिस सब डिवीजन इंस्पेक्टर शास्त्री कुमार पैकरा सहित मलोत शोभन, अंबेडकर सिंह और संतोष एंड्रिक शामिल हैं।

**अरावली पर्वतमाला/एसआईआर–विशेष बातचीत**

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा अरावली पर्वतमाला को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से विशेष बातचीत का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज रात आठ बजे से आठ बजकर पंद्रह मिनट तक किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे। वहीं, कल शुक्रवार छब्बीस दिसंबर को सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर पर आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

**वीर बाल दिवस–राष्ट्रीय बाल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष अट्ठारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीस बच्चों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि यह पुरस्कार वीरता, कला और संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा खेल के क्षेत्रों में असाधारण उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है।

**क्रिसमस**

क्रिसमस का त्योहार आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रभु यीशू के जन्म के उपलक्ष्य में यह त्योहार मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में भी क्रिसमस का पर्व धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज राजधानी के बैरन बाजार सहित प्रदेश के अन्य शहरों के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं और लोगों ने एक–दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दीं। इस अवसर पर गिरजाघरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

– सुशासन दिवस के अवसर पर आज कबीरधाम जिले में एक नवंबर के बाद पूर्ण हुए इक्कीस सौ से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री जन–मन आवासों में एक साथ गृह प्रवेश कराया गया। श

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने आगामी एक जनवरी से अप और डाउन दिशा की ट्रेनों में पचपन एक्सप्रेस और आठ पैसेंजर गाड़ियों की समय–सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया है। अन्य रेलवे स्टेशनों में समय–सारिणी यथावत् रहेगी।

– कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में एक गुम महिला और उसके तीन साल के बच्चे को आपराधिक षड़यंत्र रचकर हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सरिया पुलिस ने कंचनपुर बैरियर में वाहनों की तलाशी के दौरान ओडिशा से आ रही एक कार से तिरासी किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>